दिन— सोमवार दिनांक— 12 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग— दो हजार छब्बीस के समापन सत्र में कहा— युवओं का सामर्थ्य ही देश का सामर्थ्य है।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्रह जनवरी को पश्चिम बंगाल के मालदा से पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना।

03. बेहतर पुलिसिंग के लिए राजधानी पटना में आज से दो दिवसीय पुलिस सम्मेलन की शुरूआत। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया उद्‌घाटन।

04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में धूप खिलने से लोगों को ठंड से मिली मामूली राहत।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि युवाओं का समार्थ्य भारत को वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र बनाने में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि युवाओं की सफलता ही देश को नई ऊंचाइयां देगी।

———बाइट———

श्री मोदी का संबोधन जारी है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने प्रदर्शन का निरीक्षण किया और युवा नेताओं से बातचीत करके उनके नवाचारों तथा विचारों को जाना। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग—2026 के लिए निबंध संकलन का विमोचन भी किया। इसमें भारत की विकासात्मक प्राथमिकताओं और दीर्घकालिक राष्ट्र निर्माण लक्ष्यों पर युवा प्रतिभागियों द्वारा लिखित चयनित निबंध शामिल हैं। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग युवाओं और राष्ट्रीय नेतृत्व के बीच जुड़ाव को सुविधाजनक बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया एक राष्ट्रीय मंच है। शुक्रवार से शुरू हुए विकसित भारत यंग

लीडर्स डायलॉग में देश भर के 5 लाख से अधिक युवाओं ने विभिन्न स्तरों पर भाग लिया है।

---

आज राष्ट्रीय युवा दिवस है। महान आध्यात्मिक विभूति और दार्शनिक स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष बारह जनवरी को यह दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

---

इधर, राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राजधानी पटना समेत विभिन्न जिला मुख्यालयों में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां पटना के रवीन्द्र भवन में धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए एक आदर्श समाज की स्थापना के लिए युवाओं से आगे आने की अपील की।

———बाइट———

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर बक्सर में आयोजित कार्यक्रम में जानीमानी पर्वतारोही संतोष यादव शामिल हुईं। उन्होंने युवाओं से विवेकानंद के बताये मार्ग पर चलने की अपील की।

———बाइट———

पटना के मौर्या लोक कॉम्प्लेक्स स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मोतीहारी स्थित महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय में रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जनवरी को पश्चिम बंगाल के मालदा से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह ट्रेन हावड़ा से कामाख्या के बीच चलेगी। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने आज कटिहार में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अन्य छह ट्रेनों का शुभारंभ करेंगे जो विभिन्न मार्गों से बेंगलुरू, त्रिचूलापल्ली, नागरकोल और मुम्बई तक चलेगी। महाप्रबंधक ने बताया कि 17 जनवरी को ही कटिहार रेलमंडल के 05 रेलवे स्टेशन बालूर घाट, राधिका पुर, रंगापानी, सिलीगुड़ी और न्यू जलपाईगुड़ी से नई ट्रेनों का शुभारंभ होगा।

---बाइट---

---

बेहतर पुलिसिंग के लिए राजधानी पटना में आज से दो दिवसीय पुलिस सम्मेलन की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सम्मेलन की औपचारिक शुरूआत की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद थे। इस सम्मेलन में राज्य के पुलिस महानिदेशक से लेकर थाना स्तर के पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन में विधि-व्यवस्था से लेकर पुलिस के विभिन्न कार्यकलापों और योजनाओं पर मुख्य रूप से चर्चा हो रही है। सम्मेलन की शुरूआत के अवसर पर मुख्यमंत्री ने मद्य निषेध स्वापक नियंत्रण ब्यूरो तथा पृथक साइबर अपराध और सुरक्षा इकाई का भी शुभारंभ किया।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा से प्रदेश में विकास योजनाओं को नई रफ्तार मिलेगी। बेगूसराय में संवाददाताओं से बातचीत में श्री सरावगी ने कहा कि समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री की पिछली प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के कार्यान्वयन की भी समीक्षा होगी।

---बाइट---

इधर, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार अपनी यात्राओं के माध्यम से जन संवाद कर विकास कार्यों की समीक्षा करते हैं। उनका यह कदम स्वागत योग्य है।

———बाइट———

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में धूप खिलने से लोगों को ठंड से मामूली राहत मिली। हालांकि सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से सुबह और शाम के समय कनकनी का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान में दो से पांच डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है। आज चार दशमलव छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ समस्तीपुर का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

———बाइट———

———————————————————————

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने पार्टी में टूट की खबरों को खारिज किया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि मीडिया में आ रही ऐसी खबरें आधारहीन हैं। श्री राम ने कहा कि खरमास के बाद संगठन को मजबूत करने के लिए कई कार्यक्रमों की शुरूआत की जायेगी।

———बाइट———

———————————————————————

जाने माने भोजपुरी गायक और जन सुराज नेता रितेश पांडेय ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री पांडेय ने यह जानकारी दी। रितेश पांडेय करगहर विधानसभा सीट से जन सुराज के टिकट पर चुनाव लड़े थे। उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

---

राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने सासाराम के पुरानी बस स्टैंड वेंडिंग जोन में वेंडरों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान वेंडरों ने सांसद को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने वेंडरों से आग्रह किया कि वे सामूहिक प्रयास से शहर को जाम मुक्त, स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग दें।

---

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे उस संदेश का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि सरकार छात्र लैपटॉप योजना 2026 के अंतर्गत मुफ्त लैपटॉप दे रही है। पीआईबी की फैक्ट चेक इकाई ने बताया कि यह दावा फर्जी है और सरकार ऐसी कोई योजना नहीं चला रही है।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने पूर्वी चंपारण के रक्सौल से राजस्व कर्मचारी सोनू कुमार को 5,000 रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार राजस्व कर्मी शिकायतकर्ता से परिमार्जन के नाम पर रिश्वत ले रहा था।

---

माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा दो हजार पच्चीस में धांधली का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने आज बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शकारी छात्र गलत उत्तर कुंजी के आधार पर परिणाम जारी करने का आरोप लगा रहे थे।

---

दरभंगा राज परिवार की महारानी कामसुंदरी देवी का आज दरभंगा में निधन हो गया। वे तिरानवे वर्ष की थी और पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। कामसुंदरी देवी महाराजा कामेश्वर सिंह की पत्नी थीं। उनके निधन से पूरे मिथिला में शोक की लहर है।

---

लखीसराय जिले की ताइक्वांडो खिलाड़ी अमीषा पटेल ने अंडर थर्टी एट किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप एट खिलाड़ियों की सूची में अपना स्थान बनाया है। इसके साथ ही वे वर्ल्ड स्कूल सेलेक्शन ट्रायल और खेलो इंडिया के लिए भी चयनित हो गईं हैं।

---

औरंगाबाद में आयोजित औरंगाबाद गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल की दुर्गापुर टीम ने छत्तीसगढ़ की टीम को पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

---

सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के शिवनगर में पुलिस और जिला आसूचना इकाई की टीम ने छापेमारी कर चार लाख तीस हजार रुपये मूल्य की प्रतिबंधित कप सीरप बरामद की है। इस मामले एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

---

पूर्णियां जिले के अमौर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई।

---

शेखपुरा में आज जमुई सांसद अरुण भारती की अध्यक्षता में दिशा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नवादा सांसद विवेक ठाकुर के साथ विधायक रंधीर कुमार सोनी और कुमार पुष्पंजय उपस्थित रहे। बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की गई।

---

किशनगंज का ऐतिहासिक खगड़ा मेला आज से शुरू हुआ। इस मेले को एशिया का दूसरा सबसे बड़ा पशु मेले के रूप में जाना जाता है।

---

मुंगेर मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बरदह गंगा घाट के पास से पुलिस ने हथियार की खरीद–बिक्री करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो देशी पिस्तौल और आठ कारतूस बरामद किए गए है।

---

शेखपुरा जिले के भोजडीह गांव निवासी सुमित कुमार ने उड़ीसा में आयोजित ओडिशा स्किल्स दो दो हजार पच्चीस–छब्बीस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता है।

---

पटना के रूपसपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने शराब और हथियार के साथ चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

शेखपुरा की पोक्सो अदालत ने एक नाबालिग का अपहरण कर उससे अनैतिक कार्य कराने के मामले में दोषी विजय साव को आजीवन कारावास और दो लाख रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

---

पटना के कदमकुंआ थाना क्षेत्र के जगतनारायण रोड में अपराधियों ने एक निजी एजेंसी के कर्मी से तीन लाख नब्बे हजार रुपये लूट लिए। इस दौरान अपराधियों ने पीड़ित के साथ मारपीट भी की।

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग– दो हजार छब्बीस के समापन सत्र में हो रहे हैं शामिल।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्रह जनवरी को पश्चिम बंगाल के मालदा से पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना।

03. बेहतर पुलिसिंग के लिए राजधानी पटना में आज से दो दिवसीय पुलिस सम्मेलन की शुरूआत। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया उद्‌घाटन।

04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में धूप खिलने से लोगों को ठंड से मिली मामूली राहत।

---

समाप्त